DAY — **14** SEAT NUMBER | | | | | | |

| 2025 | III | 01 | 1500 | **J-359** | (H) |
|---|---|---|---|---|---|

# ECONOMICS (49)

**Time : 3 Hrs.** **(7 Pages)** **Max. Marks : 80**

***सूचनाएँ :*** *(१) सभी प्रश्नों को हल करना अनिवार्य है।*
*(२) आवश्यकतानुसार स्वच्छ तालिका / रेखाचित्र बनाइए।*
*(३) दाहिनी ओर के अंक प्रश्नों के पूर्ण गुण प्रदर्शित करते हैं।*
*(४) प्रत्येक मुख्य प्रश्न का उत्तर नए पन्ने से प्रारंभ कीजिए।*

**प्र. १.** **( अ )** अर्थशास्त्रीय पारिभाषिक शब्द लिखिए : (५) **[ २० ]**

(*i*) आर्थिक शक्ति का समर्थन करने वाली इच्छा।

(*ii*) माँग के अनुसार खाते से राशि निकाली जानेवाली जमाएँ।

(*iii*) उत्पादन प्रक्रिया में प्रयुक्त पूँजीगत वस्तुओं का मूल्य ह्रास

(*iv*) कीमत में आनुपातिक प्रतिशत परिवर्तन के परिणामस्वरूप वस्तु की माँग में आनुपातिक प्रतिशत परिवर्तन के कारण होने वाली लोच।

(*v*) किसी विशेष अवधि के दौरान किसी देश के आयात और निर्यात के मूल्य के बीच का अंतर।

**( ब )** सहसंबंध पूर्ण कीजिए : (५)

(*i*) आंतरिक व्यापार : घरेलू व्यापार : : अंतरराष्ट्रीय व्यापार: ☐

(*ii*) कीमत विभेद : ☐ : : एक ही कीमत : पूर्ण प्रतियोगिता

(*iii*) ☐ : केंद्रीय बैंक : : *SBI* : वाणिज्यिक बैंक

(*iv*) उत्पादन विधि : ☐ : : आय विधि : घटक लागत विधि

(*v*) आर्थिक तेजी का काल : बचत का (आधिक्यपूर्ण) बजट : : आर्थिक मंदी का काल : ☐

**(क)** असंगत शब्द पहचानिए: (५)

(*i*) टिकाऊ वस्तुएँ :

फर्नीचर, अलमारी, वॉशिंग मशीन, मछली।

(*ii*) व्यय अवधारणा :

कुल व्यय, औसत व्यय, सीमांत व्यय, बिक्री व्यय।

(*iii*) कानूनी एकाधिकार :

पेटंट, ओपेक, स्वामित्व अधिकार, ट्रेडमार्क।

(*iv*) आर्थिक कल्याण के सिद्धांत :

आय एवं रोजगार सिद्धांत, उत्पादन क्षेत्र में कार्यक्षमता, उपभोग क्षेत्र में कार्यक्षमता, कुल आर्थिक कार्यक्षमता।

(*v*) माँग नियम के अपवाद :

गिफिन विरोधाभास, प्रतिष्ठामूलक वस्तुएँ, कीमत भ्रम, श्रम की पूर्ति

**(ड)** निम्नलिखित विधान पूर्ण कीजिए : (५)

(*i*) व्यष्टि अर्थशास्त्र एवं समष्टि अर्थशास्त्र इन शब्दों का प्रयोग करने वाले नॉर्वेजियन अर्थशास्त्री ------।

(अ) ऍडम स्मिथ

(ब) जे.एम. कैंस

(क) जे. बी. से.

(ड) रैग्नर फ्रिश

(*ii*) जब पूर्ति वक्र ऊपर की ओर जाता है तब उसकी ढलान ------होती है।

(अ) धनात्मक

(ब) ऋणात्मक

(क) प्रथम धनात्मक बाद में ऋणात्मक

(ड) शून्य

(*iii*) कीमत निर्देशांक का उपयोग ------।

(अ) वस्तुओं की कीमत में सामान्य परिवर्तन को मापने के लिए

(ब) भौगोलिक साधन के रूप में

(क) वायुदाब मापने के लिए

(ड) वस्तुओं *(goods)* को मापने के लिए

(*iv*) विकास वित्तीय संस्थाओं की स्थापना की गई क्योंकि वे ------

(अ) अल्प समय के लिए फंड (निधि) उपलब्ध करती हैं।

(ब) उद्‌योग, कृषि और बाकी प्रमुख क्षेत्रों के विकास में वृद्‌धि करने में सहायता करती हैं।

(क) मुद्रा बाज़ार का नियमन (नियंत्रण) करती हैं।

(ड) पूँजी बाज़ार का नियमन करती हैं।

(*v*) सरकार के अनिवार्य *(obligatory)* कार्य------।

(अ) शिक्षा एवं स्वास्थ्य सेवाओं का प्रावधान।

(ब) निवृत्ति वेतन *(Pension)* का प्रावधान।

(क) अंतर्गत कानून एवं सुव्यवस्था बनाए रखना।

(ड) कल्याणकारी योजनाओं का प्रावधान।

**प्र. २.** **(अ)** निम्नलिखित उदाहरणों की सहायता से अवधारणा पहचानकर उसे स्पष्ट कीजिए (कोई तीन): **[ १२ ]** (६)

(*i*) अभिजीत को १५ कुर्सियाँ बेचने के बाद ₹ ३००० मिलते हैं। प्रति कुर्सी उसे ₹ २०० की प्राप्ति होती है।

(*ii*) राजाराम ने २५ क्विंटल गेहूँ का उत्पादन अपनी खेती में किया तथा उसमें से २ क्विंटल गेहूँ स्वयं के परिवार के लिए अलग रख दिया।

(*iii*) रानी ने भारत की राष्ट्रीय आय की जानकारी अध्ययन के लिए एकत्रित की।

(*iv*) अमर ने अपनी चाय की ज़रूरत (आवश्यकता) पूर्ति के लिए दूध, शक्कर, चाय पावडर की एक साथ माँग की।

(*v*) सुनीता मैडम ने अपनी बोर्ड पर लिखने की ज़रूरत (आवश्यकता) चॉक का उपयोग करके पूर्ण की।

**(ब)** अंतर स्पष्ट कीजिए (कोई तीन) : (६)

(*i*) व्यष्टि अर्थशास्त्र एवं समष्टि अर्थशास्त्र

(*ii*) पूर्णतया (अनंत) लोचदार माँग एवं पूर्णतया बेलोचदार माँग

(*iii*) संख्यात्मक (परिमाणात्मक) निर्देशांक एवं मूल्य निर्देशांक

(*iv*) आंतरिक ऋण एवं बाह्य ऋण

(*v*) पूर्ति का विस्तार एवं पूर्ति में वृद्धि

**प्र. ३. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए (कोई तीन) : [१२]**

(*i*) व्यष्टि अर्थशास्त्र की कोई चार विशेषताएँ स्पष्ट कीजिए।

(*ii*) व्यापारिक बैंक के कार्य स्पष्ट कीजिए।

(*iii*) समय अथवा समयावधि के आधार पर बाज़ार के प्रकार स्पष्ट कीजिए।

(*iv*) निम्नलिखित आँकड़ों की सहायता से कीमत निर्देशांक ज्ञात कीजिए:

| वस्तु | अ | ब | क | ड |
|---|---|---|---|---|
| २००५ में मूल्य (₹) | ६ | १६ | २४ | ४ |
| २०१० में मूल्य (₹) | ८ | १८ | २८ | ६ |

(*v*) भारत में विदेशी व्यापार की भूमिका किन्हीं चार मुद्दों के आधार पर स्पष्ट कीजिए।

**प्र. ४.** **निम्नलिखित विधानों से आप सहमत हैं या असहमत हैं, कारण सहित स्पष्ट कीजिए ( कोई तीन ) :** **[ १२ ]**

(*i*) माँग वक्र रेखा बायीं से दायीं ओर ऊपर से नीचे की ओर आती है।

(*ii*) निर्देशांकों की कोई भी सीमाएँ नहीं हैं।

(*iii*) माँग की लोच कई कारकों पर निर्भर करती है।

(*iv*) पूर्ति नियम के कुछ अपवाद हैं।

(*v*) भारतीय अर्थव्यवस्था में पूँजी बाज़ार बहुत महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाता है।

**प्र. ५.** **निम्नलिखित तालिका, रेखाचित्र, परिच्छेद का अध्ययन करके पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए (कोई दो) :** **[ ८ ]**

(*i*) तालिका का निरीक्षण करके प्रश्नों के उत्तर लिखिए : **( ४ )**


| **कीमत '₹'** | **माँग ( किलोग्राम )** | | | **बाज़ार माँग (कि.ग्रा में) (अ+ब+क)** |
|---|---|---|---|---|
| | **उपभोक्ता 'अ'** | **उपभोक्ता 'ब'** | **उपभोक्ता 'क'** | |
| ३५ | ५ | १० | १५ | ☐ |
| ३० | १० | १५ | २० | ☐ |
| २५ | १५ | २० | २५ | ☐ |
| २० | २० | २५ | ३० | ☐ |

प्रश्न:

(अ) उपर्युक्त बाज़ार माँग पत्रक पूर्ण कीजिए। (२)

(ब) उपर्युक्त बाज़ार माँग पत्रक की सहायता से बाज़ार माँग वक्र तैयार कीजिए। (२)

(*ii*) निम्नांकित रेखाचित्र अरेखीय माँग वक्र का है। रेखाचित्र के आधार पर निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए : **(४)**




(१) यदि सब = सक $(Ed = 1)$ = ........ (१)

(२) यदि सब > सक $(Ed > 1)$ = ......... (१)

(३) यदि सब < सक $(Ed < 1)$ =........ (१)

(४) 'क्ष' अक्ष पर वस्तु की ------ दर्शाई गई है और (१)

'य' अक्ष पर वस्तु की ------ दर्शाई गई है।

(*iii*) नियंत्रित बाज़ार : **(४)**

नियंत्रित बाज़ार यह ऐसा थोक बाज़ार होता है जहाँ क्रय, विक्रय का व्यवहार राज्य सरकार बाज़ार समिति द्‌वारा नियंत्रित किया जाता है।

नियंत्रित बाज़ार का मुख्य उद्‌देश्य विक्रेता और उत्पादक को विभिन्न सुविधाएँ उपलब्ध करा देना तथा बाज़ार में अनैतिक, अनिष्ट प्रथाएँ और बेईमानी, धोखाधड़ी, इनकी मात्रा नियंत्रित करना होता है।

मुख्य रूप से कृषि विपणन बाज़ार में प्राथमिक और द्‌वितीयक बाज़ार में (गलत) मानक जैसे कि नगद व्यवहार, कम नापतौल, अधिक बाज़ार शुल्क, अवैध कटौती वैसे ही विक्रेता और ग्राहक इनमें विवाद दूर करने के लिए यांत्रिकी का अभाव ऐसी रूकावटें आती हैं। सभी दोष और रूकावटें नियंत्रित बाज़ार की स्थापना द्‌वारा दूर की जा सकती हैं। १९३९ में किए गए 'बॉम्बे एग्रीकल्चर प्रोडक्ट मार्केट एक्ट' द्‌वारा ये बाज़ार नियंत्रित किए जाते हैं। इन बाज़ारों में मुख्यत: अनाज, फल, तम्बाकू, कपास, मूँगफली, नारियल, सुपारी, आलू और हल्दी का व्यापार नियंत्रित किया जाता है।

प्रश्न :

(१) बाज़ारों को किस अधिनियम (एक्ट)के तहत नियंत्रित (विनियमित) किया जाता है? (१)

(२) प्राथमिक और द्‌वितीयक बाज़ार के गलत मानक क्या हैं? (१)

(३) उपर्युक्त परिच्छेद के विषय में अपने विचार स्पष्ट कीजिए। (२)

**प्र. ६. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर विस्तार से लिखिए ( कोई दो ) : [ १६ ]**

($i$) सीमांत उपयोगिता ह्रास नियम स्पष्ट करके इसकी मान्यताएँ स्पष्ट कीजिए।

($ii$) राष्ट्रीय आय का अर्थ लिखकर राष्ट्रीय आय की विशेषताएँ स्पष्ट कीजिए।

($iii$) सरकारी सार्वजनिक व्यय में वृद्‌धि के कारण स्पष्ट कीजिए।

◆◆◆